# निहारें | by Pooja Sharma & Namrata Sharma

इतनी हारी हूँ मुझको खुद पर विश्वास नहीं है
झोली सुख से भर जायेगी ये भी आस नहीं है
तेरे सिवा बाबा कोई भी मेरे पास नहीं है

मेरी आँखें तुझे निहारें मुख पर तेरा नाम
हार गए तेरे रूप के आगे खाटू वाले श्याम
जब देखा श्रिंगार तुम्हारा भूल गए सब काम
हार गए तेरे रूप के आगे खाटू वाले श्याम

मन भावन श्रृंगार तुम्हारा दिल में उतरता जाए
ये मन तेरा जोगी होकर तुझमे रमता जाए
कैसे करते हो ये जादू कुछ भी ना समझ आये
दिल को चुराकर मुस्काते हो जादूगर हो श्याम
हार गए तेरे रूप के आगे खाटू वाले श्याम

किस्मत की सूखी धरती पर तेरी दया जो बरसे
उम्मीदें ज़िंदा हो जाती बाबा तेरी नज़र से
ऐसी कोई खुशी नहीं जो मिले ना तेरे दर से
तेरी रेहमत से हो जाते बिगड़े सारे काम
हार गए तेरे रूप के आगे खाटू वाले श्याम

मेरे होंसले टूट चुके ये आँखें नीर बहाएं
उस पर भी तू देर करे तो दिल मेरा घबराये
तू ही नज़रे फेरेगा तो हमको कौन जिताये
किस्मत वालों को मिलता है श्याम तुम्हारा धाम
हार गए तेरे रूप के आगे खाटू वाले श्याम

जब देखा श्रिंगार तुम्हारा भूल गए सब काम
हार गए तेरे रूप के आगे खाटू वाले श्याम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87%e0%a4%82-by-pooja-sharma-namrata-sharma/